हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 22 .4 डिग्री

12 नप के 47 कर्मियों को मिला रोजगार गारंटी का प्रमाण पत्र



12 स्कूली शिक्षा के ढांचे को कमजोर कर रही सरकार



**खबर संक्षेप**

### सभी आईटीआई में दाखिला तिथि बढ़ाई

**पानीपत।** आईटीआई प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चलाए जा रहे विभिन्न इंजीनियरिंग तथा गैर इंजीरिनयरिंग व्यवसायों में सत्र के दाखिले हेतू दाखिला प्रक्रिया का तीसरा चरण 29 जुलाई तक बढाया गया है।

### नशा तस्कर को तीन साल का कारावास

**पानीपत।** योगेश चौधरी एएसजे कम फास्ट ट्रैक कोर्ट की अदालत ने मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के आरोपी राजकुमार उर्फ राजू पुत्र रामफल निवासी गांव चुलकाना जिला पानीपत को तीन साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं चौधरी की अदालत ने राजकुमार पर 40 हजार रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर राजकुमार को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। राजकुमार को पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में पकड़ा था।

### दो बच्चों को छोड़कर लापता हुई महिला

**इसराना।** गांव इसराना निवासी 25 वर्षीय विवाहित महिला अपने दो छोटे बच्चों को छोड़कर घर से गायब हो गई। पति ने परिजनों के साथ अपनी पत्नी की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पति की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने महिला की गुमशुदी का केस दर्ज किया है। पुलिस जांच में पता चला कि महिला का उसके पति के साथ विवाद हुआ था, इसके बाद वह घर से चली गई।

### छात्रों ने ट्रैफिक नियमों के पालन की ली शपथ

**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'रोड रूल्स, लाइफ टूल्स' अभियान के तहत मॉडल टाउन, निसिंग और अलीपुर खालसा स्कूलों में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और उन्हें इन नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

## राज्य सरकार से ओपीएस बहाल करने की मांग

# कर्मचारी एनपीएस के विरोध में 1 अगस्त को मनाएंगे काला दिवस

- प्रदेशभर में निकालेंगे रोषमार्च, काले कपड़े पहनकर करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला



अंबाला। रोष मार्च की रणनीति बनाते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश के सभी विभागों के लाखों एनपीएस कर्मचारी प्रदेश में यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू करने के विरोध में 1 अगस्त 2025 को अपने अपने कार्य स्थल पर बाजू पर काली पट्टी बांध कर और काले कपड़े पहन कर कार्य करेंगे। साथ ही काला दिवस मनाकर एनपीएस और यूपीएस के प्रति अपना विरोध दर्ज करवाएंगे।

इसके बाद शाम 3 बजे अंबाला शहर के अग्रसेन चौक से लघु सचिवालय तक एनपीएस और यूपीएस के विरोध में मार्च निकाला जाएगा। उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ओपीएस बहाली हेतु ज्ञापन दिया जाएगा।जिला प्रधान रमेश कुमार,जिला महासचिव सुदेश कुमार और जिला संयोजक विजय कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि कर्मचारी न ही एनपीएस चाहते है और न ही यूपीएस। सभी कर्मचारी केवल और केवल पुरानी पेंशन की बहाली चाहते है। सरकार को यूपीएस का नोटिफिकेशन लाने से पहले कर्मचारियों के पक्ष को भी सुनना चाहिए था। पेंशन बहाली संघर्ष समिति 2018 से पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलनरत है और सरकार द्वारा ओपीएस बहाली के लिए बनाई गई कमेटी के सामने भी 2023 में तथ्यों सहित अपनी बात रख चुकी है लेकिन सरकार अब यूपीएस लेकर आई है जो कर्मचारियों के लिए बिल्कुल भी हितकारी नहीं है।

### सभी विभागों के कर्मी होंगे प्रदर्शन में शामिल

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का ओपीएस बहाली के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि 1 अगस्त को इस विरोध प्रदर्शन में जिले के सभी विभागों के कर्मचारी हिस्सा लेंगे।

### स्कूलों में आरटीई सीट पर नामांकन से इनकार करने पर होगी कार्रवाई

**बराड़ा।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिन बच्चों को उज्ज्वल पोर्टल के माध्यम से निजी स्कूलों में आरटीई (निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम) के अंतर्गत सीटें आवंटित हुई हैं। जिनका निवास स्थान आवंटित स्कूल से 3 किलोमीटर की परिधि में आता है उन बच्चों को स्कूल में प्रवेश देना संबंधित विद्यालय की बाध्यता है।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि यदि कोई निजी स्कूल इस नियम की अवहेलना करते हुए ऐसे बच्चों को प्रवेश देने से इनकार करता है या पोर्टल पर उनके प्रवेश को अस्वीकार करता है तो उस स्थिति में संबंधित अभिभावकों को अपने खंड शिक्षा अधिकारी को इसकी लिखित सूचना देनी चाहिए।

खंड शिक्षा अधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त होते ही ऐसे दोषी स्कूलों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी योग्य बच्चे को शिक्षा के अधिकार से वंचित न किया जाए। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे विभागीय निर्देशों की जानकारी रखें। यदि उनके साथ कोई विद्यालय अन्याय करता है तो समय पर शिक्षा विभाग को सूचित करें, ताकि बच्चों का शैक्षणिक भविष्य सुरक्षित रह सके।

# फेसबुक पर बाइक बेचने के नाम पर ठगी, 2 काबू



यमुनानगर। साइबर क्राइम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी।

- आरोपियों ने बाइक बेचने के नाम पर व्यक्ति से ठगे साढ़े 32 हजार
- पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

फेसबुक पर बाइक बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 32 हजार 499 रुपये ठग लेने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम पुलिस की टीम ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर उन्हें रिमांड पर ले लिया है।

साइबर क्राइम थाना प्रबंधक संदीप कुमार ने बताया कि जवाहर नगर निवासी अमित कुमार ने कुछ समय पहले शिकायत दी कि उसकी फेसबुक पर एक व्यक्ति ने अपने अकाउंट पर बाइक बेचने के लिए फोटो डाला हुआ था। आरोपी ने फोन नंबर भी लिखा हुआ था। उसने फोटो पर दिए गए नंबर बात की तो आरोपी ने उसे बताया कि वह आजकल अंबाला में तैनात है और अपनी बाइक बेचना चाहता है। वह उस समय आरोपी की बातों में आ गया और उसने मोटरसाइकिल का सौदा 20 हजार में तय कर लिया। आरोपी ने बताया कि मोटरसाइकिल को आर्मी के ट्रक में पार्सल के माध्यम से भेजा जाएगा और उसका खर्च अलग से देना होगा। इस तरह आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उससे 32 हजार 499 रुपये डलवाकर हड़प लिए। उसने बाद में आरोपियों से फोन पर बात करनी चाही तो उसका नंबर बंद मिला। परेशान होकर उसने साइबर थाना पुलिस में शिकायत दी।

# अंबाला में मनाया जाएगा प्रदेश स्तरीय तीज महोत्सव, सीएम होंगे मुख्यातिथि

- पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने अपने निवास पर की जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

इस साल तीज का राज्य स्तरीय कार्यक्रम अंबाला शहर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी पहुंचेंगे। इसी दिन सीएम अंबाला शहर को कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात भी देंगे।

सीएम के अंबाला शहर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। भाजपा कार्यकर्ताओं में भी सीएम के कार्यक्रम को लेकर खूब उत्साह दिखाई दे रहा है। सीएम सैनी के कार्यक्रम को लेकर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, उपायुक्त व अन्य प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। इस बारे में असीम गोयल ने बताया कि यह अंबाला शहर के लिए हर्ष का विषय है कि प्रदेश स्तरीय तीज महोत्सव इस बार अंबाला शहर में बनाया जायेगा।

### चक्कर न कटवाएं अधिकारी : गोयल

हर वीरवार की तरह इस वीरवार भी पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने अपने निवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुनकर मौके पर ही समाधान किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जनता को अधिक से अधिक राहत प्रदान करने के लिए ही हर स्तर पर समाधान शिविर लगाने के आदेश दिए हैं। ऐसे में अधिकारी भी जनता के कार्य करने में कोताही न बरतें और न ही आमजन को बार बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर कटवाएं। शहर में बना मीरी पीरी चौक बार बार वाहन टकराने की वजह से इन दिनों अच्छी हालत में नहीं है।

# धान में बोना रोग की जांच के लिए आई टीम

- कई गांवों में फसल का किया सर्वेक्षण, किसानों को बीमारी से निपटने के लिए दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला



अंबाला। धान की फसल की जांच करते पहुंची फरीदाबाद की जांच टीम।

केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के फरीदाबाद स्थित क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र की टीम ने वीरवार को कृषि अधिकारी के साथ मिलकर ग्राम धुराला व तेजा मोहड़ी एंव आसपास के गांवों में धान में बोना रोग का संयुक्त सर्वेक्षण किया।

सर्वेक्षण के दौरान खेत में सफेद पीठ वाला फुदका जोकि बोना रोग का वाहक है देखने को नहीं मिला लेकिन कुछ खेतों में बौने पौधे पाए गए, जोकि आर्थिक हानि स्तर से कम मात्रा में है।

किसानों को सुझाव दिया गया कि वे अपने खेत में बारीकी से निगरानी रखें और सफेद पीठवाला फुदका दिखाई देने पर बूपरोफेजीन 25 प्रतिशत एससी, फिपरोनिल 5 प्रतिशत एससी का छिडक़ाव लीफलेट में दी गई जानकारी के अनुसार करें। इसके साथ खेतों में पानी का स्तर कम रखें व यूरिया का कम मात्रा में प्रयोग करें इसके साथ लाइट ट्रैप भी इंस्टाल करें। खेत में उपस्थित बौने रोग से प्रभावित पौधों को उखाडक़र नष्ट कर दें। किसान के द्वारा यह बताया गया कि जिस भी पौधे में यह बीमारी आई वह आगे नहीं फैले।

फरीदाबाद से आई जांच टीम को डॉ. लक्ष्मी चंद, वनस्पति संरक्षण अधिकारी जमुना नेगी-वनस्पति संरक्षण अधिकारी, लख्मी चंद - वैज्ञानिक सहायक, रूबी-वैज्ञानिक सहायक एंव विभाग के कृषि अधिकारी डॉ. शेखर कुमार, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डॉ. विनय, कृषि विकास अधिकारी, डॉ. दर्शन सिंह, खंड कृषि अधिकारी व किसान गुरध्यान सिंह, नरेंद्र सिंह व गुरजिंद्र सिंह मौके पर मौजूद रहे।

# महापंचायत : आर्य समाजियों ने 27 को यज्ञ करने का ऐलान किया

- बापौली गांव में आर्य समाज व पंचायती भूमि को लेकर विवाद



**पानीपत।** गांव संजौली के पूर्व सरपंच पप्पू रावल के निवास पर गांव बापौली में आर्य समाज व पंचायती भूमि को लेकर चल रहे विवाद के हल को लेकर महापंचायत हुई। जिसमें सनौली-बापौली खंड के गांवों से 36 बिरादरी के प्रमुख लोगों ने भाग लिया।

महापंचायत में सर्वसम्मति से विजयपाल रावल, मोहकम छौक्कर, रोशन छौक्कर, नरसिंह रावल, चूहड सिंह, सूरभान रावल, सुमित रावल, दलीप शर्मा, सालीम पत्थरगढ़, जिले सिंह काबडी, ईशम सिंह, वजीर देशवाल, पप्पू रावल, रणबीर देशवाल, धूमन सिंह को लेकर कमेटी बनाई गई है। महापंचायत में तय हुआ कि कमेटी प्रशासन से मिलने के साथ-साथ दोनों पक्षों से मिलकर जल्द ही समस्या का समाधान करने का प्रयास करेगी। वहीं आर्य समाज से जुड़े लोग उक्त जगह पर 27 को यज्ञ करने का ऐलान कर चुके हैं। महापंचायत में निर्णय लिया गया कि जब तक आर्य समाज विवाद का समाधान नहीं होता है तब तक उक्त जगह पर कोई कार्यक्रम ना हो।

# किसानों के मुद्दों को लेकर सीएम से मिला भाकिसं का प्रतिनिधिमंडल

- मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को दिया सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



यमुनानगर। भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से किसानों के मुद्दों को लेकर बातचीत करते हुए।

भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने देर शाम मुख्यमंत्री के चंडीगढ़ स्थित कबीर कुटीर आवास पर भेंटकर किसानों के 15 मुद्दों पर बातचीत कर उनका समाधान किए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाकिसं के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत कर उनके सभी मुद्दों पर सौहार्दपूर्ण रुप से विचार करने का आश्वासन दिया। मौके पर मुख्यमंत्री ने किसानों के कई मुद्दों का समाधान भी कर दिया।

संघ के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने बताया कि भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल में उनके अलावा शामिल क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुरेंद्र, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रताप सिंह खजूरी, उपाध्यक्ष रामकिशन आर्य , पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रतन सिंह देवधर समेत अन्य किसान नेताओं ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से किसानों के मुद्दों पर करीब एक घंटा बातचीत की। इस दौरान उन्होंने किसानों से संबंधति 15 मुद्दों का समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री सैनी ने बातचीत के दौरान कुछ मुद्दों का तुरंत समाधान कर दिया। जिसमें किसान मंडियों में धान ले जाने पर स्वयं ही अपने मोबाइल के माध्यम से गेट पास काट सकता है। ताकि मंडियों में धान से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों की ज्यादा देर तक भीड़ ना लगे। वहीं, धान के उठान के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब अनाज मंडियों से सेलर मालिक व आढ़ती खुद की धान के उठान की जिम्मेवारी संभालेंगे।

### पानी की लाइन का पोर्टल खोलने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने खेतों में सिंचाई के लिए बेचने वाले पानी की पाइपलाइन का पोर्टल भी खोलने के निर्देश दिए। इसी तरह सीएम ने प्रतिनिधिमंडल को भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने खेतों में खड़े पेड़ों की कटाई के लिए जो शर्तें लगाई हैं उन पर विचार करने का आश्वासन दिया। ताकि किसानों को कोई परेशानी ना हो सके। प्रतिनिधिमंडल ने गन्ने का भाव 450 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को गन्ने के भाव में वृद्धि करने समेत अन्य मुद्दों पर गंभीरता से विचार करके समाधान करने का आश्वासन दिया।

## इस बार हरियाली तीज रवि योग में 27 जुलाई को

# पति की लंबी उम्र के लिए रखेंगी व्रत

- हरियाली तीज सौभाग्य, प्रेम और भक्ति का प्रतीक माना जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

हरियाली तीज का व्रत सावन महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को रखा जाता है। ये व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए रखती है।



डा. रामराज कौशिक।

इस साल हरियाली तीज के मौके पर विशेष योग बन रहा है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए हरियाली तीज का व्रत रखती हैं। सावन भगवान शिव का महीना माना जाता है। इस महीने में कई व्रत और त्योहार मनाए जाते हैं। वहीं सावन महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को सुहागिन महिलाएं हरियाली तीज का व्रत रखती हैं। इस व्रत का विशेष महत्व होता है। कुरुक्षेत्र के ज्योतिष आचार्य डॉ रामराज कौशिक ने बताया कि हरियाली तीज का पर्व भारतीय संस्कृति में सौभाग्य, प्रेम और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। इस व्रत को करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है और जीवन में सुख, शांति और सौभाग्य लेकर आता है। महिलाएं अखंड सुहाग के लिए और अविवाहित लड़कियां मनचाहा जीवनसाथी पाने के लिए हरियाली तीज का व्रत रखती है। यह दिन माता पार्वती और भगवान शिव के पुनर्मिलन के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। हरियाली तीज के दिन पूजा, श्रृंगार, भक्ति और दान का खास महत्व बताया गया है।हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल सावन माह की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि शनिवार, 26 जुलाई को रात 10:41 बजे से शुरू होगी. वहीं रविवार, 27 जुलाई को रात 10: 41 बजे समाप्त होगी। बता दें कि हिंदू धर्म में उदया तिथि का विशेष महत्व होता है. ऐसे में हरियाली तीज का व्रत रविवार, 27 जुलाई 2025 को रखा जाएगा।

### बन रहा है शुभ योग

हरियाली तीज पर इस साल रवि योग बन रहा है. रवि योग शुभ योग है, जिसमें सभी प्रकार के दोष मिट जाते हैं, क्योंकि इसमें सूर्य का प्रभाव अधिक होता है। हरियाली तीज के दिन रवि योग शाम 4:23 बजे से लेकर 28 जुलाईकी सुबह 5:40 बजे तक है।

### ये रहेगा शुभ मुहूर्त

हरियाली तीज के दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:17 बजे से सुबह 04:58 बजे तक है. वहीं अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 12:55 बजे तक है। वहीं विजय मुहूर्त दोपहर में 2:43 बजे से दोपहर 3:38 बजे तक रहेगा।

### रजबाहे से मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**इसराना।** पानीपत के गांव छोटी बांध के पास रजबाहा नंबर नौ में वीरवार की सुबह करीब 20 वर्षीय युवक का अर्द्धनग्न अवस्था में शव मिला है। वहीं मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। माना जा रहा है कि हत्या कर शव को रजबाहे में फैंका गया है। इसराना थाना पुलिस के अनुसार सुबह खेतों में गए किसानों ने रजबाहे में शव पडे देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस मौके पर पहुंची और शव का रजबाहे से बाहर निकाला। मृतक कपड़ों और शारीरिक दिखावट से वह शिक्षित और सम्पन्न परिवार का प्रतीत होता है। पुलिस ने शिनाख्त के लिए करनाल, आदि जिलों व पआसपास के गांवों में सूचना भिजवाई है। इधर, पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। युवक की मौत की वजह का खुलासा पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में पता चलेगा।

# गुरसिख परीक्षार्थी ककार पहन सीईटी परीक्षा दे सकेंगे : झींडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र



- अनुमति पर एचएसएससी के चेयरमैन का आभार जताया

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि अब सीईटी में गुरसिख (अमृतधारी) परीक्षार्थी ककार (धार्मिक चिह्न) पहन कर प्रवेश कर सकेंगे।

उन्होंने अमृतधारी सिख परीक्षार्थियों को ककार पहन कर प्रवेश करने की अनुमति पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन का आभार जताया। जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने आयोग के इस फैसले का स्वागत करते हुए बताया कि अक्सर यह शिकायत आती रही है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में गुरसिख परीक्षार्थियों को ककार (धार्मिक चिह्न) पहन कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने नहीं दिया जाता था। हरियाणा कमेटी ने इस बारे में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह से संपर्क किया था। चेयरमैन को इस बाबत जानकारी देते हुए उन्हें सिखों के धार्मिक चिह्नों के महत्व से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि गुरसिख (अमृतधारी सिख) के लिए ककार पहनना कितना जरुरी है और ककार पहन कर गुरसिख किसी भी स्थान पर प्रवेश कर सकता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में धार्मिक चिह्न पहने गुरसिख परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से रोकना धार्मिक भावनाओं को आहत करता है। पहले भी ऐसे कई मामलें प्रकाश में आ चुके हैं। इसलिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को इस संदर्भ में अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए। इसके बाद अब हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने तृतीय श्रेणी पदों के लिए 26 व 27 जुलाई को प्रदेश भर में होने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) में अमृतधारी सिखों को धार्मिक चिह्न पहन कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के बारे में छूट देते हुए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह का आभार व्यक्त किया है।

**खबर संक्षेप**

### आई-पॉप गर्ल ग्रुप, विश ने धमाकेदार वापसी की

**करनाल।** भारत के पहले आई-पॉप गर्ल ग्रुप, विश ने धमाकेदार वापसी की है अपने नए गाने "बोलो बोलो" के साथ, जिसमें उन्होंने उभरते हुए रैपर पैंथर के साथ काम किया है। यह गाना एक दमदार अफ्रो-देसी फ्यूज़न है, जिसमें जोशीले बीट्स, दमदार आवाज़ें और बेबाक अंदाज़ देखने को मिलता है। यह साल की सबसे चर्चित म्यूज़िक पार्टनरशिप में से एक बन गई है।"बोलो बोलो" एक जोश से भरपूर गाना है, जिसमें इमोशन है, टकराव है और जश्न है।

### पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

**घरौंडा।** गांव अराईंपुरा के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में यूथ एंव इको क्लब द्वारा स्कूल में एक पेड मां के नाम से पौधारोपण अभियान चलाया गया। बच्चों ने अपनी मां के नाम पर पौधे लगाए एंव उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। अभियान में बच्चों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षक वालंटीयर के रुप में कार्य करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई यूथ एंव इको क्लब इंचार्ज एंव पंजाबी शिक्षक नरेश सैनी ने की।अभियान के तहत बच्चों ने जामुन,चंपा,हार सिंगार, गुड़हल,बोतल ब्रश, तुलसी,कडी पत्ता व चांदनी के पौधे रोपित किए गए। शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक खुशपाल सिंह ऊना एंव विज्ञान शिक्षक नीरज रिठाल ने बच्चों को विभिन्न वैरायटी के पेड पौधों के गुणों के बारे में अवगत करवाया।

## लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

# निगमायुक्त ने सफाई कर्मचारियों व नपा सचिवों के साथ की समीक्षा बैठक

आगामी सर्वेक्षण में बेहतर रैंक लाने के लिए सचिवों को कार्य योजना तैयार करने के दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों के बाद अब आगामी सर्वेक्षण में ओर बेहतर रैंकिंग लाने के मकसद को लेकर जिला नगर आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने नगर निगम की सफाई शाखा एवं जिला की नगर पालिकाओं के अधिकारियों के साथ गुरूवार को एक बैठक की। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, कार्यकारी अभियंता ओ.पी. करदम, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, नगर पालिका सचिव तथा सफाई शाखा से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे। जिला नगर आयुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से एक-एक कर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों की समीक्षा की और नपा सचिवों को निर्देश दिए कि वह डोर टू डोर कूड़ा उठान, पृथक्करण, कूड़ा निस्तारण, रिहायशी व वाणिज्यिकी क्षेत्रों की साफ-सफाई तथा सामुदायिक व जन शौचालयों की सफाई जैसे बिन्दूओं की रोजाना मॉनिटीरिंग करें। उन्होंने कहा कि जिन-जिन बिन्दू पर कम अंक मिले हैं, उस पर ज्यादा फोकस किया जाए। सफाई कर्मियों की लगवाएं ऑनलाईन हाजिरी- उन्होंने सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के तहत सचिवों को निर्देश दिए कि वह सभी सफाई कर्मियों की हाजिरी ऑनलाईन लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई कर्मचारी ऑनलाईन हाजिरी नहीं लगाता, तो उसकी तनख्वाह जारी न की जाए। आज जिला कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में मन की बात विषय को लेकर सभी मंडलों के प्रभारियों एवं 'मन की बात' कार्यक्रम के मंडल संयोजकों के साथ संगठनात्मक बैठक हुई। इस बैठक में मन की बात कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संगठनात्मक तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मन की बात कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक मेघराज गुप्ता,जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल मुख्य तौर पर मौजूद रहे। बैठक में मंडल स्तर पर कार्यक्रम की प्रभावी योजना,जनसंपर्क अभियान और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विशेष बल दिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में पहले से अधिक लोगों को जोड़ने का काम करें ताकि करनाल पहले की तरह नम्बर एक पर बना रहे। कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस मौके पर लोकसभा संयोजक मेघराज गुप्ता ने सभी प्रभारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने बूथ पर आमजन के साथ कार्यक्रम सुनें।



**करनाल।** बैठक में सफाई अधिकारियों को निर्देश देतीं निगमायुक्त।

#### कार्य योजना करें तैयार

उन्होंने नपा सचिवों को आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर अंक अर्जित करने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसमें सभी मुख्य बिन्दूओं को शामिल किया जाए और उनकी साप्ताहिक समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि जिस बिन्दू पर कम अंक मिले हैं, उसे कैसे सुधारा जाएगा और क्या-क्या नए कार्य किए जाने हैं, जिनसे हम बेहतर रैंक ला सकें, यह सब कार्य योजना में शामिल किया जाए। इसके अतिरिक्त मासिक, त्रिमासिक व छः मास में स्वच्छता को लेकर क्या-क्या कार्य किए जाने हैं, उनका लक्ष्य निर्धारित किया जाए।

#### सफाई कर्मचारियों को दें लक्ष्य

उन्होंने कहा कि आत्म निर्भर वार्ड के तहत एक-एक वार्ड को लेकर उसमें कूड़ा पृथक्करण करवाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियां जोर-शोर से चलाई जाएं। एकल प्रयोग प्लास्टिक और गंदगी के चालान किए जाएं। बल्क वेस्ट जेनरेटर का निरंतर दौरा किया जाए। सामुदायिक व जन शौचालय साफ-सुथरे रहें। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी कार्यों के लिए कर्मचारियों को लक्ष्य दिया जाए। सी एंड डी वेस्ट निस्तारण के लिए ट्रैक्टर-ट्राली को अधिकृत करें। उन्होंने सख्त निर्देश देते कहा कि मोटीवेटर्स से पूरा काम लिया जाए। अगर कोई मोटीवेटर कार्य में लापरवाही करता है, तो उस पर कार्रवाई की जाए।

#### बाजारों में न होने दें अतिक्रमण

उन्होंने बाजारों व सडकों को अतिक्रमण मुक्त करने पर जोर देते कहा कि नगर निगम अधिकारी एवं नपा सचिव शहर में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाएं। सडक पर पीली पट्टी लगाई जाए। सभी दुकानदार व फड़ी संचालकर उसी के अंदर रहे। कोई भी सडक पर आगे तक सामान न रखे। उन्होंने सचिवों से कहा कि जगह चिन्हित कर वेंडिंग जोन बनाए जाएं और रेहड़ी-फड़ी वालों को वहां भेजा जाए। इसके साथ-साथ शहर में घूम रहे आवारा पशुओं को पकडने के लिए भी ड्राईव चलाई जाए। अगर कोई व्यक्ति पशु छोड़ते पाया जाता है, तो उसके विरूद्घ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

# लूटपाट करने वाले तीन बदमाश किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पुलिस की क्राइम यूनिट सीआईए-1की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह की अध्यक्षता में गांव कैमला रोड से तीन आरोपी.. परवीन पुत्र जीवन, अनिल उर्फ बिंदर पुत्र रामकुमार व रामपाल उर्फ छंगा पुत्र रामसिंह निवासी गांव बडशत,घरौंदा,करनाल को दो मोबाइल फोन व वारदात में प्रयोग किया गया चाकू सहित काबू किया गया। इस संबंध में सीआईए-1 इंचार्ज ने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों द्वारा दिनांक 13 जनवरी 2025 को गांव के खेतों जाने वाले कच्चे रास्तों पर रात को छीना छपटी कर वारदात को अंजाम दिया था। तीनों आरोपियों को टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया व माननीय न्यायालय के सम्मुख पेश कर जिला जेल भेजा गया है।



# दो शातिर महिलाओं ने 30 सैकेंड में उड़ाए 80 हजार

- पीएनबी में रिटायर्ड कृषि अधिकारी बने शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

रेलवे रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कैश विंडो पर खड़े एक रिटायर्ड कृषि अधिकारी के बैग से 80 हजार रुपये की नकदी चोरी हो गई। चौंकाने वाली बात यह रही कि महज 30 सैकंड में दो शातिर महिलाओं ने इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गईं। पूरी घटना बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। पीड़ित राजेंद्र सिंह, जो कि कृषि विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं, बुधवार को दोपहर लगभग 12 बजे पंजाब नैशनल बैंक की घरौंडा शाखा में पहुंचे थे। उन्होंने अपने खाते से 80 हजार रुपये की नकदी निकाली थी और फिर कैश विंडो पर लॉकर का वार्षिक किराया जमा कराने के लिए खड़े थे। तभी उनके पास खड़ी दो अज्ञात महिलाएं बातचीत का बहाना बनाकर उनके और उनके बैग के करीब आ गईं। कुछ ही पलों में उन्होंने बैग को ब्लेड या धारदार वस्तु से काट दिया और उसमें रखे नोटों के तीन बंडल निकाल लिए। राजेंद्र सिंह को घटना की भनक तक नहीं लगी और जब उन्होंने बैग देखा तो उसमें नीचे से कट लगा हुआ था और रुपये गायब थे। बैंक के भीतर इस तरह की चोरी की घटना से ग्राहक हैरान हैं। ग्राहक यह सवाल भी उठा रहे हैं कि अगर बैंक के भीतर इस तरह से किसी का बैग काटकर रुपये चुराए जा सकते हैं, तो फिर बैंक में सुरक्षा के क्या इंतज़ाम हैं। बैंक प्रशासन की ओर से सुरक्षा गार्ड की तैनाती तो है, लेकिन भीड़भाड़ के समय पर निगरानी की कमी नजर आई।

#### बैंक स्टाफ ने बंद करवाई बैंक की एंट्री

घटना का पता चलते ही बैंक प्रबंधन ने तत्काल बैंक की एंट्री बंद करवा दी और सभी दरवाजे सील करवा दिए। लेकिन तब तक दोनों महिलाएं बड़ी चालाकी से बैंक से निकलकर गायब हो चुकी थीं। मैनेजर ने तुरंत पुलिस को सूचित किया और बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में साफ तौर पर दोनों महिलाओं की हरकतें और उनकी पहचान दिखाई दे रही है।

#### सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पर तैनात टीम और घरौंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि बैंक से 80 हजार रुपये चोरी की सूचना मिली थी। पुलिस ने तुरंत सीसीटीवी फुटेज खंगाले और फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। आसपास के इलाकों में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है ताकि महिलाओं की भागने की दिशा और साधन का पता चल सके।

#### पुलिस कर रही जांच फुटेज से मिले सुराग

पुलिस को मिली सीसीटीवी फुटेज में दोनों महिलाएं स्पष्ट रूप से नजर आ रही हैं। पुलिस जल्द ही उनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयासों में जुटी हुई है। घरौंडा पुलिस ने इसे पेशेवर चोरी की वारदात बताया है और संभावना जताई जा रही है कि ये महिलाएं पहले भी इसी तरह की घटनाओं में शामिल रही हों।

### हरियाणवी संगीत में सारेगामा का बड़ा कदम, एनएवी रिकॉर्ड्स का किया अधिग्रहण

**करनाल।** भारतीय संगीत और मनोरंजन जगत की अग्रणी कंपनी सारेगामा इंडिया लिमिटेड ने हरियाणवी संगीत क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को सशक्त करते हुए लोकप्रिय म्यूजिक कंपनी एनएवी रिकॉर्ड्स का अधिग्रहण कर लिया है। इस रणनीतिक डील के तहत सारेगामा को एनएवी का समृद्ध कैटलॉग मिलेगा, जिसमें 6500 से अधिक गीत शामिल हैं। इनमें हरियाणवी के साथ-साथ पंजाबी, ग़ज़ल, भक्ति और इंडी-पॉप जैसी विविध शैलियों के गाने शामिल हैं।

इस अधिग्रहण में एनएवी हरियाणवी और नूपुर ऑडियो जैसे प्रमुख यूट्यूब चैनल भी सम्मिलित हैं, जिनके कुल मिलाकर 2.4 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं। इस कदम से सारेगामा की डिजिटल पहुंच और ब्रांड शक्ति में उल्लेखनीय इज़ाफा होगा।



### सैनिक स्कूल कुंजपुरा का इतिहास रहा गौरवमयी

**करनाल।** सैनिक स्कूल कुंजपुरा का 65 वां स्थापना दिवस समारोह वीरवार को पूरी भव्यता के साथ मनाया गया। पूर्व रक्षामंत्री स्वर्गीय वी.के.कृष्ण मेनन द्वारा इन स्कूलों की स्थापना के उद्देश्य का स्वप्न निरंतर फलीभूत हो रहा है। आज ही के दिन 1961 में इस विद्यालय की स्थापना हुई थी और आज स्थापना दिवस के इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जनरल संजय हुडा, सेना मेडल, चीफ ऑफ स्टॉफ हेड क्वार्टर 2 कोर तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर एच.एस. संधू, सेना मेडल, डिप्टी जी.ओ.सी. सब एरिया ने सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण के शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, तत्पश्चात विद्यालय के मानेकशा सभागार में कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य कप्तान गुरबीर सिंह (भारतीय नौसेना ) ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और समस्त कार्यविवरण से अवगत करवाया । इस स्थापना दिवस समारोह में विद्यालय के विभिन्न छात्र पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।अपनी- अपनी कक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षा और खेल के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले सदन अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने सभागार में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सैनिक स्कूल कुंजपुरा का इतिहास भारत वर्ष का गौरव है और इसकी गौरवशाली परंपरा को और भी स्वर्णिम बनाना यहां के छात्रों -शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है ।

# नगर पालिका सचिव ने सफाई कर्मियों के साथ स्वच्छता पर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आज नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने सफाई कर्मचारियों की एक बैठक ली। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को कहा कि वह शहर के मुख्य बाजार, गलियों, नालियों की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए कूड़े का उठान करते रहें ताकि बरसात होने से नालियों से पानी निकासी सही ढग़ हो सके और लगातार सफाई अभियान को जारी रखें। किसी भी प्रकार सफाई व्यवस्था को लेकर कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए। इसके इलावा शहर के लोगों से नगर पालिका सचिव ने अपील की कि वह अपनी दुकान व घर का कूड़ा कर्कट नगर पालिका की गाड़ी में डालें या खुले में कूड़े को मत डालें। उन्होंने कहा कि अगर लोग शहर के लोग सफाई कर्मियों का साथ देंगे तो हमारा शहर बीमारियों से दूर रहेगा स्वच्छ और सुंदर बना रहेगा। नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने दुकानदारों से अपील की कि वह अपनी दुकान का कूड़ा करकट रात को खुला सडक़ों पर मत डालें सुबह जैसे ट्राली आती है उन ट्रालियों में ही अपना कूड़ा कर्कट नगरपालिका की ट्राली मे ही डालें और बिना वजह से दुकान के आगे अतिक्रमण न करें। इस अवसर पर पार्षद नरेश कुमार गाबा, लेखाकार जय चन्द, सफाई इंचार्ज जोहनलाल, नवरत्न आदि रहे।



**तरावड़ी।** सफाई कर्मचारियों की बैठक लेते हुये सचिव अजीत कुमार।



नई अनाज मंडी इंद्री में हरियाणा कांबोज सभा की बैठक मे उपस्थित लोग।

### शहीदी दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर की बैठक

**इंद्री।** शिरोमणि शहीद उधम सिंह कांबोज का राज्य स्तरीय शहीदी दिवस समारोह 28 जुलाई को नई अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में हरियाणा कांबोज सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक अनाज मंडी, इंद्री में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सभा के प्रदेशाध्यक्ष सुमेरचंद कांबोज ने की। बैठक में 28 जुलाई को इंद्री में मनाए जाने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुमेर चंद कांबोज ने कहा कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व कई विधायक और कई पूर्व मंत्री शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हल्के की सभी बिरादरी के लोगों के लिए गौरव की बात होगी। उन्होने हल्के के लोगों से अपील की कि शहीद किसी एक कौम के नहीं होते, बल्कि शहीदों की शहादत सभी समाज के लोगों के लिए होती है। बैठक में अलग-अलग कार्यों की कमेटी बनाकर सभी की ड्यूटियां भी लगाई गईं।यहां जयप्रकाश कांबोज एडवोकेट, प्रदीप चौधरी, रिशिपाल इंदरगढ़, सुमेर मुरादगढ़, संजय कांबोज आदि रहे।

## डीलरों ने खाद पर अनुचित टैगिंग के खिलाफ लिया निर्णायक संकल्प

# बैठक में किसानों की समस्याएं उठाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला करनाल फर्टिलाइजर, पैसटीसाईड एवं सीडज ट्रेडर्स एसोसिएशन की आम सभा की बैठक प्रधान राम कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि के रूप में कृषि उप निदेशक डॉ वजीर सिंह ने शिरकत की। साथ में क्यूसीआई डा.सुनील बजाड़ और एसडीओ डॉ दिनेश कुमार भी मौजूद रहे। सभा में करनाल जिले के 128 डीलर्स ने भाग लिया। इस मौके पर प्रधान राम कुमार गुप्ता और सभी ब्लॉक प्रधानों ने डी.डी.ए. व अन्य अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रधान राम कुमार गुप्ता ने एसोसिएशन की मांग का जिक्र करते हुए कहा कि कंपनी और थोक विक्रेता खाद के साथ अनाप-शनाप दूसरा सामान लगा कर देते हैं। जब हम यही सामान किसान को देते हैं तो सरकार की नजर में दोषी ठहराए जाते हैं। इस समस्या का समाधान होना चाहिए। इस मौके पर कृषि उपनिदेशक डा. वजीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि टैगिंग की समस्या वास्तव में ज्यादा है। इसे रोकने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी डीलर अपनी पी,ओ.एस. मशीन स्टॉक के अनुसार कर लें। अपनी दुकानों पर स्टॉक रजिस्टर, स्टॉक बोर्ड, अथोरिटी लैटर व बिल दुरुस्त कर लें। खाद के साथ नाजायज़ टैगिंग न करें। इस मीटिंग के बाद एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मीटिंग कर कंपनी और थोक खाद विक्रेताओं द्वारा जबरदस्ती और बहुत ज्यादा थोपे गए सामान पर भारी विरोध जताया। काफी विचार विमर्श करने के बाद सभी उपस्थित डीलरों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि करनाल जिला का कोई भी दुकानदार उस कंपनी या थोक विक्रेता से कोई खाद नहीं खरीदेगा जो खाद के साथ अनुचित टैगिंग करेगा।



**न्यूज डायरी**



### विधायक जगमोहन ने सुनीं लोंगो की समस्याएं

करनाल। विधायक जगमोहन आनंद ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जनता ने अपना आशीर्वाद देखकर हरियाणा विधानसभा तक पहुंचाया है। उनकी समस्याओं को सुनना उनकी पहली प्राथमिकता है। जब हम जनता के बीच जाते हैं तो उनसे जुड़े मुद्दे और समस्याओं का पता चलता है। इससे इन मुद्दों व समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर सीधे उनसे मिल सकता है। लोगों की समस्याओं का समाधान करवाने की पूरी-पूरी कोशिश की जाएगी। जनसेवा करने के लिए नॉन-स्टॉप सरकार विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा की सरकार जनसेवा में नॉन स्टॉप सरकार है।



### घरौंडा कॉलेज में हुई बैठक में सांझा किए अनुभव

**करनाल।** राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार नागिया ने की। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत कॉलेज से पासआउट हुए विद्यार्थियों को विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे, जिससे उन्हें वजीफा, अनुभव और भविष्य में रोजगार पाने में मदद मिलेगी। बैठक के दौरान पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना और सुरक्षा बीमा योजना की भी विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. नागिया ने कॉलेज स्टाफ से आग्रह किया कि वे पूर्व विद्यार्थियों से संपर्क कर उन्हें योजना का लाभ दिलाएं। इस मौके पर डॉ. वीरेंद्र सिंह दलाल, डॉ. गुरमीत सैनी, डॉ. अंजू बाला सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।



### यूरिया की कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई

**करनाल।** डीसी उत्तम सिंह ने लघु सचिवालय में एक समीक्षा बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों को यूरिया की समय पर और उचित मूल्य पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कालाबाजारी की सूचना मिलने पर संबंधित एजेंसी या दुकान के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कृषि उपनिदेशक वजीर सिंह ने बताया कि जिले में अब तक 83,000 मीट्रिक टन यूरिया पहुंच चुका है, जो किसानों की जरूरत के अनुसार पर्याप्त है। बैठक में इफको, कृभको, हैफेड सहित विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। प्रशासन ने यूरिया वितरण की निगरानी व्यवस्था और शिकायत समाधान तंत्र को भी सक्रिय कर दिया है।



### झुग्गी स्टॉक में रहने वाले बच्चों को भेजी शिक्षा सामग्री

**करनाल।** लायंस क्लब करनाल सेंट्रल की ओर से सेवा प्रकल्प के अंडर सेक्टर 16 के बंद झुग्गी स्टॉक में रहने वाले बच्चों को शिक्षा सामग्री और भोजन का सामान भेजा गया। प्रोजेक्ट चेयरमेन पंकिल गोयल व साहा छोटू मनोज शर्मा की समीक्षा में यह काम किया गया। यहां लगभग 45 बच्चों को संजिता द्वारा अपेक्षित मदरसा मुक्त शिक्षा प्रस्ताव की जा रही है। इस एसोसिएशन पर क्लब के प्रधान मोहन लोधी ने कहा कि बच्चों की मदद के लिए क्लब के सदस्य हमेशा प्रयासरत रहते हैं। बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शिक्षा देना जरूरी है। ये बच्चे भी प्रतिभावान होते हैं, लेकिन रेनडौल की वजह से समाज में आगे नहीं बढ़ते। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब करनाल सेंट्रल की ओर से भविष्य में भी इन बच्चों की मदद के लिए हर संभव प्रयास करेगा।



### अमावस्या पर श्री कृष्ण गो शाला में किया हवन

**करनाल।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर श्री कृष्ण गऊशाला में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। उत्तरी भारत में हरियाली अमावस्या का गहरा धार्मिक महत्व है। मुख्य यजमान के रूप में विजय सिंगला ने शिरकत की। हवन यज्ञ में आहूतियां डालकर गायों की सेवा करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर श्री कृष्ण गऊशाला के प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि सावन माह में मनाई जाने वाली हरियाली अमावस्या के दिन भक्त भगवान शिव से हार्दिक प्रार्थना करते हैं और उनसे समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद मांगते हैं। यह दिन पूरे भारत में क्षेत्रीय नामों, रीति-रिवाजों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। महासचिव राम कुमार गुप्ता ने कहा कि हरियाली अमावस्या हिंदू परंपरा में एक आध्यात्मिक रूप से सार्थक दिन है।



### सेवा भारती ने 32 हजार महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

**करनाल।** सेवा भारती संस्था ने अपने चार दशकों के सेवा कार्यों को समर्पित करते हुए 'सेवा दर्शन' कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांत उपाध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता ने की। उन्होंने बताया कि संस्था के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से अब तक 32,000 से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा चुका है। संस्था द्वारा संचालित योजनाओं में सिलाई, रूप-सज्जा, कंप्यूटर शिक्षा, गौमय उत्पाद निर्माण, धार्मिक आयोजन और भारत माता मंदिर प्रबंधन जैसी गतिविधियाँ प्रमुख हैं। खास बात यह रही कि यहां तैयार की गई स्वदेशी लड़ियाँ न केवल स्थानीय बाज़ारों तक सीमित हैं, बल्कि संसद भवन, अयोध्या और राष्ट्रपति भवन तक पहुंच चुकी हैं, जो संस्था की गुणवत्ता और समर्पण को दर्शाती हैं।

## खबर संक्षेप

### ब्लाक अध्यक्ष की शिकायत दी

**सराना।** पानीपत के गांव सींक की दलित महिला सरपंच नीलम ने इसराना ब्लाक समिति के चेयरमैन हरपाल मलिक पर जातिगत भेदभाव, दुर्व्यवहार व मानसिक प्रताड़ना करने के आरोप लगाएं है। वहीं महिला सरपंच ने समाधान शिविर के माध्यम से उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया को शिकायत दी है। डॉ. दहिया ने दलित महिला सरपंच की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह से इस मामले की जांच करने के निर्देश दिए है।

### नाबालिग लड़की घर से लापता, केस दर्ज

**इसराना।** पानीपत के गांव जौन्धन कलां निवासी नाबालिग लड़की बिना किसी को बताए घर से लापता हो गई। परिजनों ने लडकी की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। इधर, परिजनों की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने किशोरी की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### शिवरात्रि के उपलक्ष्य में भंड़ारा लगा प्रसाद बांटा

**पानीपत।** श्री पार्वती धाम मंदिर, राजनगर, देशराज कॉलोनी में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आठवीं डाक कांवड़ सफलतापूर्वक लाने पर प्रवेश शर्मा, रिंकू गुर्जर, प्रेम कुमार, अंकित शर्मा, हैप्पी वर्मा, अरविंद भोला, बिट्टू, नवीन शर्मा, रवि राणा, बिट्टू तोमर, योगेश राणा, राहुल शर्मा, दीपक मैहरा, सागर कुमार, नितिन शर्मा, संजू भोला, विपिन ठाकुर, अमन कोहली, नीरज कौशिक, संदीप बैरागी, मनोज, रवि कपूर, मिंटू, राहुल तोमर, सोनू शर्मा, जोनी कुमार, भीम, रवीश शर्मा, अनमोल शर्मा, अविनाश मैहरा, सत्येंद्र सैनी, प्रिंस अरोड़ा, सौरभ शर्मा शिव कुमार शर्मा ने भंडारा लगाया।

### मंत्री के आदेश के बाद भी समस्या का समाधान नहीं

**पानीपत।** पानीपत में हुडा सेक्टर आठ निवासियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। हैरानी की बात है कि दर्जनों बार विभिन्न अधिकारियों व नेताओं को शिकायत के बावजूद तो समाधान क्या होता प्रदेश के सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी के आदेश के बाद भी सेक्टर वासियों को अपने सेक्टर में आने-जाने के लिए रास्ता नहीं मिल पाया। रास्ता नहीं मिलने के कारण सेक्टर वासियों को अपने घर से शहर तक आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### बाबा श्याम के दर्शन करेंगे दिव्यांग

**पानीपत।** द्धअंध विद्यालय के विद्यार्थियों को देश भर में प्रसिद्ध श्री श्याम बाबा स्थल चुलकाना धाम के दर्शन कराने के लिए करने वाला श्याम, कराने वाला श्याम ट्रस्ट द्वारा ले जाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रधान जसबीर राणा व सचिव मुकेश मित्तल ने बताया कि आगामी एक अगस्त को सुबह आठ बजे अंध विद्यालय से दो बसों में विद्यार्थियों को चुलकाना धाम ले जाया जाएगा।

### कांवड़ियों को सम्मानित किया गया

**समालखा।** हरिद्वार से 41 लीटर पवित्र गंगाजल लाकर गांव मनाना के शिव मंदिर स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक करने वाले निशांत व किरण का मंदिर की कमेटी द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में दिलबाग, कृष्ण व बिल्लू शामिल रहे। दिलबाग ने युवाओं से धर्म की राह पर चलने, नशे का त्याग करने, समाज की सेवा करने की अपील की।

### मध्यस्थता केंद्र का शुभारंभ

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह में पंचायत भवन में सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र खोला गया है। सीजेएम वर्षा शर्मा ने गांव पहुंचकर मध्यस्थता केंद्र का उद्घाटन किया। वहीं उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब मध्यस्थता केंद्र में सुलझा सकेंगे छोटे मामले। आमतौर पर देखा जाता है कि छोटी छोटी बातों को लेकर हुए विवाद अदालत तक पहुंच जाते हैं जिनका कई सालों तक केस चलता रहता है, लेकिन अब ऐसे केस अदालत में जाने की बजाय सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र में जाएंगे और केंद्र की टीम मध्यस्थता कर दोनों पक्षों में सुलह करवाने का काम करेगी।

---

सद्भावना का संदेश देते हैं त्योहार : डॉ. तोमर

# दयाल सिंह स्कूल में धूमधाम से मनाया गया हरियाली तीज पर्व

**विद्यार्थियों ने अतिथियों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत





**पानीपत।** दयाल सिंह स्कूल में छात्राओं के साथ अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज महोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं तीज महोत्सव की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर द्वारा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलम ढांडा रही। जबकि समाज सेविका सविता आर्य, कुसुम ढांडा, पूनम ढ़ांडा, रीना वर्मा शीला वर्मा विशिष्ट अतिथियों के रूप में स्कूल में पहुंची। वहीं, विद्यार्थियों ने अतिथियों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। जबकि छात्रा कीर्ति बठला ने हरियाली तीज के इतिहास व महत्व की विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने रंगीलो सावन आया री लोक गीत पर समूहगान की सुंदर प्रस्तुति दी, छात्रा दृष्टी ने गडो नाची सावन में गीत पर शानदार नृत्य, सातवीं की छात्राओं ने जलदा जा बलदा जा गीत पर और छठी की लड़कियों ने छम छम बोले गीत से सावन में आने वाले रंग बिरंगे पर्व द्वारा जनमानस में उत्साह एवं मस्ती भरे वातावरण को दर्शाया। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ मेहंदी लगाई और झूला झूलकर पर्व की महिमा बढ़ाई। डॉ. विनीता ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाली तीज का पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन वे सोलह श्रृंगार करके अपने पति की लम्बी आयु एवं सौभाग्य के लिए भगवान शिव और माता पार्वती से कामना करती है। मंच का संचालन कक्षा दसवीं की छात्रा वान्या और कनिका ने किया। त्योहार सद्भावना का संदेश देते हैं।

---



पानीपत। सुधांशु बैडमिंटन अकादमी में इनेलो नेता रणवीर देशवाल के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

# पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया

- सुधांशु बैडमिंटन अकादमी के खिलाड़ियों का हुआ राज्यस्तर पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत क्लब में हुई 14वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जाटल रोड बाईपास स्थित सुधांशु बैडमिंटन अकादमी के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार हासिल किए। वहीं पुरस्कार जितने वाले खिलाड़ियों का रणवीर देशवाल ने भव्य स्वागत किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिसमें अंडर 11 राघव द्वितीय, अंडर 13 संवी प्रथम, अंडर 13 करण द्वितीय, अंडर 15 आदित्य और आर्यन द्वितीय, अंडर 17 ईशान नंदल प्रथम, अंडर 17 ईशान नांदल और अर्नव प्रथम, अंडर 17 अर्नव और सारा प्रथम, अंडर 19 ईशान नंदल प्रथम, अंडर 19 संवी द्वितीय, अंडर 19 ईशान नांदल और भविष्य द्वितीय, मिक्स डबल्स सुधांशु और सान्वी प्रथम शामिल रहे। वहीं विजेता रहे खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में हो गया है। इस अवसर पर रणबीर देशवाल, अजय नांदल, राजीव कौशल, अमित, सुशील सैनी, रविंदर रावत, सुधांशु प्रभाकर आदि उपस्थित रहे।

---

# जिला पुलिस ने सीईटी परीक्षा के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए

- परीक्षा के लिए पानीपत जिला में 23 लोकेशन पर 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी (कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट) परीक्षा को लेकर जिला पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के निर्देशन में सुरक्षा योजना तैयार कर परीक्षा केंद्रों व उनके आसपास निगरानी और पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। परीक्षा के लिए पानीपत जिला में 23 लोकेशन पर 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। परीक्षा को सुरक्षित माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना पुलिस की प्राथमिकता है।

### जांच अभियान चलाएगी पुलिस



पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने परीक्षा के मद्देनजर सभी थाना प्रभारी, क्राइम युनिट प्रभारी व चौकी इचार्ज को निर्देश दिए हैं कि शहर के सभी होटल, पीजी, साइबर कैफे व फोटो स्टेट की दुकानों पर सघन जांच अभियान चलाकर कड़ी निगरानी रखी जाए। पुलिस की संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रहेगी। पुलिस अधीक्षक पानीपत ने परीक्षार्थियों व उनके साथ आने वाले परिजनों से अपील की है कि जिले में कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने में जिला पुलिस को सहयोग करें। वहीं अपने निजी वाहन से आने वाले परीक्षार्थी अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा ना करके पार्किंग में ही खड़ा करें।

### 800 की पुलिस टीम संभालेगी सुरक्षा

पानीपत जिला पुलिस के 774 जवान व अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने इसको लेकर सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रभारी, क्राइम युनिट प्रभारी व चौकी इंचार्ज को सावधानी व सतर्कता बरतने के कड़े निर्देश दिए है।

### डीएसपी संभालेंगे ट्रैफिक की कमान

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने परीक्षा वाले दिन यातायात व्यवस्था के लिए डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी को आवश्यक निर्देश दिए है। जिसमें परीक्षा के दौरान शहर व आसपास के क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से सुचारु और सुदृढ़ रखें, ताकि आने जाने वाले विद्यार्थियों व आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। जिला पुलिस द्वारा जहां सुरक्षा केंद्रों व आसपास सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए है। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। तैनात सभी पुलिसकर्मियों द्वारा पूरी सावधानी बरतते हुए वहां से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन व व्यक्ति पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

---

# मेयर कोमल के आवास पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी का अभिनंदन किया

- पानीपत को समस्या मुक्त कर विकसित करेंगे : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** मेयर कोमल सैनी अपने आवास पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सैनी की पत्नी एवं हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी आज पानीपत में आयोजित प्रदेश स्तरीय तीज महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुई। कार्यक्रम के उपरांत वे पानीपत की महापौर कोमल सैनी के वार्ड 11 स्थित निवास पर सैनी परिवार से मिलने पहुंची। वार्ड 11 में पहुंचने पर क्षेत्र की महिलाओं ने उनका पुष्प माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। गौरतलब है कि कोमल सैनी के महापौर बनने के बाद सुमन सैनी पहली बार कोमल सैनी के निवास पर आई थी। वहीं, सुमन सैनी ने कहा कि प्रदेश की नायब सैनी सरकार हर वर्ग के लोगों के हितों के लिए काम कर रही है। हरियाणा में बिना किसी भेदभाव के चहुमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने मेयर कोमल सैनी की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पानीपत नगर निगम क्षेत्र को समस्या मुक्त कर विकसित करने का धरातल पर प्रयास कर रही है। इस अवसर कर भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता, विधायक प्रमोद विज की पत्नी नीरू विज, भाजपा नेता रामकुमार सैनी, विक्रम सैनी, दिनेश सैनी, प्रेम अरोड़ा, भावना जैन, सोनिया गाबा समेत बडी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

---

# भाजपा का राजनीतिक उद्देश्य भी जनसेवा है



**पानीपत।** समालखा में गोल्डन पार्क योग समिति के सदस्यगण भाजपा नेता नरेश बैनीवाल का अभिनंदन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- नरेश बैनीवाल का फूल मालाओं और मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा के गोल्डन पार्क योग समिति समालखा के सदस्यों द्वारा वीरवार को भाजपा के नवनियुक्त जिला सचिव और कष्ट निवारण समिति सदस्य नरेश बैनीवाल का फूल मालाओं और मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। समिति के सचिव सचिन गर्ग ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है हमारी टीम के सदस्य नरेश बैनीवाल को भाजपा ने इतना मान सम्मान दिया है। वहीं नरेश बैनीवाल ने भी सभी को आश्वासन दिया कि वह समिति के मान-सम्मान को कभी ठेस नहीं आने देंगे। उन्होंने दावा किया है कि जनता की सेवा करना ही भाजपा का राजनीतिक उद्देश्य है। राजेन्द्र वर्मा, राजेन्द्र रोहिला, रामनिवास, विकास साहू, संदीप गर्ग, प्रेम भोला, अश्विनी जांगड़ा, राकेश कक्कड़, संदीप भगता, संजय कुच्छल, राकेश सैनी, पूर्व पार्षद कुलभूषण अरोड़ा समेत बडी संख्या योग समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता सेनानी दया को 78 साल बाद सम्मान मिलने की उम्मीद जागी

**समालखा।** पानीपत के गांव झट्टीपुर के आजाद हिंद फौज के स्वतंत्रता सेनानी दया राम के परिवार को आजादी के 78 साल बाद सम्मान मिलने की उम्मीद जगी है। 80 वर्षों तक गुमनामी में रहे स्वतंत्रता सेनानी दयाराम के फौज संबंधी रिकॉर्ड को उनके भतीजे श्याम सिंह ने कड़ी मेहनत से खोजकर उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया को सौंपा है। वहीं श्याम सिंह ने बताया कि उनके पिता साधु राम के बड़े भाई दया राम सन 1940 में ब्रिटिश इंडियन आर्मी में भर्ती हुए थे। बाद में वर्ष 1942 में वे सुभाष चंद्र बोस द्वारा गठित आजाद हिन्द फौज में शामिल हो गए और देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के साथ हुए युद्ध में शहीद हो गए थे।

वहीं, गांव के 102 वर्षीय बिशनदास भी पुष्टि करते हैं कि दया राम फौज में भर्ती होने के बाद कभी गांव वापस नहीं आए। दूसरी ओर, श्याम सिंह ने बताया कि गांव में बाढ़ आने और घर में आग लगने से परिवार के पास दया राम का कोई सैन्य रिकॉर्ड नहीं बचा था। इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने आश्वासन दिया है कि दयाराम के बारे में उचित कार्यवाही की जाएगी। इधर, डीसी डॉ दहिया के आश्वासन के बाद परिवार को उम्मीद है कि उनके पूर्वज दयाराम को स्वतंत्रता सेनानी का सम्मान मिल जाएगा।

---

# श्री श्याम बाबा की महिमा का किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**पानीपत।** चुलकाना धाम के पदाधिकारीगण लखदातार धर्मशाला में गायकों का भजन सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

लखदातार धर्मशाला चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा की महिमा का गायकों द्वारा गुणगान किया गया, जिसमें-भजन जहां दिया शीश का दान वो पावन भूमि है चुलकाना धाम, मेरे शीश का दानी चुलकाना धाम विराजे, तेरे नाम के बावले हम चुलकाना वाले सांवले आदि भजनों से बाबा को नमन करते हुए श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें दूर दराज से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर, देवेन्द्र पुजारी ने बताया कि सतयुग में बसा ये धाम श्री चुनकट महर्षि जी ने बसाया था। द्वापरयुग में इस धाम की खोज वीर बर्बरीक ने की थी। यहां अपना शीश दान में देकर इस धाम की पवित्र मिट्टी को अपना शीश दान देकर सिंचा था हजारों वर्ष पुराना मंदिर आज पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। यहां एकादशी द्वादशी को लाखों की संख्या में भक्त दर्शन करने आते है। सोनू शर्मा छदिया मीडिया प्रभारी ने बताया कि तपोभूमि चुलकाना धाम वो पावन भूमि है जहां से वीर बर्बरीक ने अपने शीश दान करने के बाद महाभारत का युद्ध देखा था इसलिए कहते है चुलकाना धाम चमत्कारी-पूजे दुनिया सारी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच मदन शर्मा चुलकाना धाम, देवेंद्र पुजारी, प्रवीन छौक्कर, सोनू शर्मा छदिया ने गायक कलाकारों के सम्मान में बाबा की फोटो वाला स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### डिजिटल अरेस्ट से न घबराएं 1930 पर कॉल कर शिकायत दें

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर अपराध में एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने इससे बचने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहें है। आमजन के जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल कर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के मामलों में ठग किसी सरकारी एजेंसी का ऑफिसर या पुलिस ऑफिसर बनकर वीडियो कॉल करते है। 1930 पर कॉल कर शिकायत दें।

### समाधान कैंप में जन सुनवाई हुई

**पानीपत।** पानीपतद्ध वीरवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में आई शिकायतों पर ध्यान केंद्रित करें। समाधान शिविर में प्राप्त हर शिकायत का यथाशीघ्र उचित निपटारा किया जाए। उन्होंने नगराधीश टिनू पोसवाल, डीपीओ राजेश शर्मा और डीएसपी सतीश सुभाष के साथ समाधान शिविर में आई शिकायतों को सुना और समाधान के निर्देश दिए।

### विद्यार्थियों ने पौधे रोपे

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौली में यूथ एंड ईको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधरोपण किया गया। यूथ एंड ईको क्लब प्रभारी एवं ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक, डीपीई उमेद सिंह, प्राचार्य ओम सिंह राणा, रविंद्र सिंह, खुशी राम, मधु बाला, रविंद्र सिंह, ममता देवी, दीपिका धवन, रमा देवी, मौसम देवी, प्रीति दुहन, प्रवीण कुमार, सुदेश देवी, खुशीराम, मनीष कुमार आदि ने विद्यार्थियों के साथ पौधे रोपे।

---

केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे पारदर्शी और नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाए

# परीक्षा के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेटों, केंद्र अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए

- सीईटी परीक्षा को लेकर पानीपत प्रशासन ने बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



सीईटी परीक्षा को लेकर पानीपत के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी बैठक करते हुए।

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) द्वारा आयोजित की जा रही सीईटी परीक्षा की तैयारियों बारे ड्यूटी मजिस्ट्रेट और केंद्र अधीक्षकों के साथ विस्तृत चर्चा की और बिंदुवार समीक्षा की। उनके साथ हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा भी मौजूद रहे। डॉ. दहिया ने कहा कि जिला प्रशासन सीईटी परीक्षा के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी किए गए तयमानक प्रणाली (एसओपी) अनुसार सभी प्रकार की तैयारियां कर ली है। उन्होंने केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे पारदर्शी और नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाएं। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा के लिए जो मानदंड तय किए गए है उनकी पालना सुनिश्चित हो और केंद्र अधीक्षक को सभी प्रकार की एसओपी का ज्ञान होना आवश्यक है। गाइडलाइन अनुसार ही परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि ओएमआर शीट और प्रश्न-पत्र के बॉक्स उनके कोड के अनुसार एक ही स्थान पर रखे जाएं। एक कोड के बॉक्स अलग-अलग जगह पर नहीं होने चाहिए। ट्रेजरी से लेकर परीक्षा केंद्र तक हर जगह बॉक्स रखने, खोलने की सारी कार्यवाही की वीडियोग्राफी की जाए। अत्रेजा ने कहा कि प्रदेश सरकार की मनसा स्पष्ट है की पारदर्शिता के साथ इस सेट टेस्ट को संपन्न कराया जाए। सीसीटीवी कैमरे आयोग की एजेंसी द्वारा लगवाए जाएंगे।बार ऐसी व्यवस्था की गई है कि अभ्यार्थियों को हाजिरी लगवाने के लिए अधिक समय तक नहीं खड़ा होना पड़ेगा। बैठक में एसपी भूपेंद्र सिंह, एडीसी डॉ पंकज यादव, सीईओ जिला परिषद डॉ किरण सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, मनदीप कुमार, नगराधीश टीनु पोसवाल, डीडीपीओ राकेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

### ये वस्तु ना लाएं

परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, घडी, बेल्ट, पेन, पेंसिल, रबड़, शार्पनर, व्हाइटनर/स्याही द्रव, हर तरह का गहना, इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण, ओएमआर शीट पर रबड़, ब्लेड, कील, व्हाइटनर या ऐसी किसी भी वस्तु का प्रयोग न करें।

### ये नियम करने होंगे फालो

एक स्पष्ट रूप से मुद्रित रंगीन प्रवेश पत्र (दोनों तरफ एक ही ए-4 पृष्ठ पर) साथ लाएं, जिस पर ए चिह्न पर आपकी नवीनतम रंगीन फोटो चिपकाई गई हो तथा जो स्वयं सत्यापित हो। एक मूल फोटो पहचान पत्र (ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, आदि) साथ लाएं। फोटोकॉपी/डिजिटल प्रतियां स्वीकार्य नहीं हैं। सुरक्षा जांच और तलाशी के कारण होने वाली देरी से बचने के लिए परीक्षा स्थल पर समय से पहले पहुंचें। परीक्षा के दिन से पहले अपने परीक्षा केंद्र का स्थान जांच लें और सत्यापित कर लें। यदि आपने धार्मिक/परंपरागत पोशाक या ऐसी वस्तुएं पहन रखी हैं जिनकी अतिरिक्त तलाशी की आवश्यकता हो सकती है तो निर्धारित समय से कुछ समय पहले रिपोर्ट करें। परीक्षा शुरू होने के पांच मिनट के भीतर सुनिश्चित करें कि टेस्ट बुकलेट के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित हैं और टेस्ट बुकलेट कोड और ओएमआर शीट सीरियल नंबर मेल खाते हैं। एचएसएससी द्वारा अपनी वेबसाइट, विज्ञापन, एडमिट कार्ड, ओएमआर शीट और प्रश्न पुस्तिका पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें। परीक्षा कक्ष से बाहर जाने से पहले ओएमआर शीट और प्रश्न पुस्तिका सौंप दें।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के सुभाष पार्क के पास से चोरी की मोटरसाइकिल रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी अमित उर्फ सेठी व हरिपाल उर्फ कुक्कू को गिरफ्तार किया है। 23 जुलाई 2025 को पुलिस नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों को चेक कर रही थी। नाकाबंदी के दौरान बिना नंबर प्लेट वाहनों के चालान किए जा रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल सवार दो युवकों काबू किया गया। मांगे जाने पर आरोपी मोटरसाइकिल के दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह मोटरसाइकिल चोरी की है। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में काबू कर लिया।

### मारने की धमकी देने के मामले में आठ काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज लड़ाई-झगड़ा कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी चंचल, परदेसी, कलंदर, सिंगी, दलीप, शेर सिंह, रणजीत व अमनदीप को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 22 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 जुलाई 2025 को दलीपगढ़ में आरोपियों ने ईंट-पत्थरों व गुलेल से हमला करते उसे चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमरजीत उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर नकदी बरामद की गई है। शिकायतकर्ता तिलक राज ने 21 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी गुरपाल सिंह व यशप्रीत सिंह ने कार्यालय आर्यव्रत मोटर टीपीटी मोटर कैंप कुलदीप नगर से गाड़ी की बैटरी, पंप की तार व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।



### स्कूलों में लगाए जा रहे है जागरूकता शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्कूलों में जागरूकता शिविर लगाए गए है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की टीम, एमडीडी संस्था द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमौदा में विद्यार्थियों को मानसिक रोगियों और दिव्यांगो के लिए चलाई जा रही नालसा योजना की जानकारी दी गई। इसके अलावा उन्हें मानसिक रोगियों के लिए चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी गई और दिव्यांग जनों के अधिकार भी बताए गए।

# आधुनिकता की दौड़ में पीछे छूट रहे सावन के गीत

## हरियाली तीज का उत्साह हुआ फीका

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

एक समय था जब सावन के आते ही गांव-शहर के हर कोने में हरियाली तीज की रौनक छा जाती थी। झूले पड़ते थे, गीत गाए जाते थे। महिलाएं हरे परिधान पहनकर उत्सव मनाती थी। आधुनिक जीवनशैली और तकनीक की चकाचौंध में यह उत्सव धीरे-धीरे फीका पड़ता जा रहा है। सावन के गीत अब महज सोशल मीडिया तक सीमित हो गए हैं।हरियाली तीज न केवल महिलाओं का त्यौहार था बल्कि यह प्रकृति, प्रेम और परंपरा का उत्सव भी था। 27 जुलाई को तीज पर्व आ रहा है लेकिन युवा पीढ़ी इन परंपराओं से दूर होती जा रही है। कच्चे नीम की निंबोली सावन जल्दी अईयो रे हरियाली तीज और सावन मास में गाए जाने वाले यह गीत और मल्हार समय के बदलाव व आधुनिकता की दौड़ में मानो खो ही गए हैं। हरियाली तीज के अवसर पर भी न तो झूले नजर आ रहे हैं। न ही लोक गीतों के स्वर।झूला तो पड़ गया अमवा की डाल पे री अथवा सावन आया री बहना मेरी झूल लै री जैसे हरियाली तीज के गीत व झूला झूलती महिलाओं की हंसी ठिठौली बदलते सामाजिक परिवेश में दम तोड़ रही है।कुछ सालों पूर्व तक सावन का महीना प्रारंभ होते ही सावन के गीत और पेड़ों पर झूले डल जाते थे। महिलाएं घरेलू काम निपटा कर सज धज कर समूह में झूला झूलती थीं। अब भाग दौड़ भरी जीवन शैली में मानो सामाजिक परंपराएं दम तोड़ रही हैं।अगर अब तीज का त्यौहार कहीं मनाया जाता है तो सिर्फ होटल और पैलेस की शान बनकर रह गया है।

### महिलाएं बोली परंपराएं जीवन का आईना हमें इन्हें जिंदा रखना होगा

#### उत्सवों का महत्व जानना जरुरी



हमारी कोशिश कोशिश रहती है कि स्कूल में हरियाली तीज का आयोजन किया जाए। करते भी हैं ताकि बच्चियां हमारी परंपराओं को जानें। अब बच्चे ज़्यादा सोशल मीडिया और मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। माता-पिता भी इन चीजों को महत्व नहीं देते। हमें जरूरत है कि हम इन उत्सवों को स्कूलों और समाजिक आयोजनों के माध्यम से फिर से जीवंत करें। इसके महत्त्व को समझें।
-सुनीता कपूर, प्रिंसिपल, डीएवी स्कूल, बराड़ा।

#### अब तो तीज सपना लगती है



पुराने समय में तीज आने से पहले ही तैयारियां शुरू हो जाती थीं। लड़कियां हरे रंग की चूड़ियां, साड़ियां, मेहंदी और फूलों के गहने पहनती थीं। गांव के पीपल के पेड़ के नीचे झूला लगाया जाता था। सब मिलकर गीत गाते थे। कांसे की चूड़ियां छन-छन बाजे, सावन आयो रे। अब ये सब सपना सा लगता है। नई पीढ़ी को न तीज का महत्व पता है न ही गीत याद हैं। -शैलजा शर्मा, प्रिंसिपल, डेफोडील्स

#### परंपराओं को जिंदा रखना होगा



मैं मानती हूं कि जीवन की रफ्तार तेज हो गई है। त्यौहारों का मतलब सिर्फ एक दिन की छुट्टी बनकर रह गया है। ऑफिस की व्यस्तता और परिवार की जिम्मेदारियों में ऐसे त्यौहार मनाना मुश्किल लगता है। जब मां से तीज की बातें सुनती हूं तो लगता है कुछ बहुत कीमती खो गया है।
-कुलविंदर कंबोज, मेकअप आर्टिस्ट

#### हरियाली तीज का महत्व

हरियाली तीज का सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। यह सावन के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाती है और देवी पार्वती के शिव से पुनर्मिलन का प्रतीक मानी जाती है। यह त्यौहार नारी सशक्तिकरण, प्रेम और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। आधुनिक जीवनशैली, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की चकाचौंध में पारंपरिक त्योहार अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। पहले जिन गीतों को महिलाएं सामूहिक रूप से गाया करती थीं। वे अब यूट्यूब पर सुनने या रील्स बनाने तक ही सीमित हो गए हैं। झूलों की जगह मॉल्स और पार्किंग एरिया ने ले ली है। त्यौहारों का उल्लास अब इंस्टाग्राम पोस्ट्स या स्टेटस अपडेट्स तक ही रह गया है।

## विज बोले, भाजपा सरकार में बिना खर्ची पर्ची के युवाओं को मिल रही है नौकरी

# नगर परिषद के 47 कर्मचारियों को मिला रोजगार गारंटी का प्रमाण पत्र

- मंत्री ने कहा कि ठेकेदारी प्रथा को खत्म करने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। एक कर्मचारी को रोजगार गारंटी का प्रमाण पत्र देते मंत्री अनिल विज।

- रोजगार गांरटी प्रमाण पत्र पाने वाले लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोगों का भविष्य जहां सुरक्षित होगा साथ में 58 वर्ष तक वह अपनी सेवाएं नगर परिषद में दे सकेगें।

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम अनिल विज ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना खर्ची-पर्ची के युवाओं को नौकरी मिल रही है जिस कारण काबिल लोगों इस क्षेत्र में आ रहे है। पूर्व की सरकारों में तो नौकरी की दुकानें सजती थी। विज वीरवार को प्रदेश सरकार द्वारा अधिनियमित सेवा सुरक्षा कानून 2024 के अंतर्गत नगर परिषद अंबाला सदर के 47 कर्मचारियों को रोजगार गांरटी प्रमाण पत्र वितरण करने के दौरान संबोधित कर रहे थे। रोजगार गांरटी प्रमाण पत्र पाने वाले लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोगों का भविष्य जहां सुरक्षित होगा साथ में 58 वर्ष तक वह अपनी सेवाएं नगर परिषद में दे सकेगें। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश का इतिहास बदल दिया है। छावनी की जनता ने उन्हें सात बार विधायक बनाया। वह वर्ष 1990 से सक्रिय राजनीति कर रहे है। उन्होंने देखा है कि पहले की सरकारों में नौकरी के लिए दुकानें लगती थी, बड़ी-बड़ी राशि देकर नौकरी देने के भी आरोप लगते रहे हैं। सरकार नहीं दुकानदारी थी जहां माल बिकता था। परिवार व क्षेत्रवाद का बोलबाला थाद्ध इतना ही नहीं लोग अपने मकान या जमीनें बेचकर अपने बच्चों को नौकरी दिलाने के लिए मजबूर थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आते ही इस इसपर अंकुश लगाने का काम किया। हमने पर्ची-खर्ची को बंद किया। विज ने कहा कि बीते दिनों उनके आवास पर 20 से 25 युवा आए थे जिन्होंने बताया कि उन्हें नौकरी के लिए कही जाना नहीं पड़ा बिना खर्ची-पर्ची के उन्हें नौकरी मिली है। मंत्री ने कहा कि ठेकेदारी प्रथा को खत्म करने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया है। अंग्रेजों के समय यह प्रथा चली आ रही थी। ठेकेदारी प्रथा में ठेकेदार लेबर का पैसा तक खा जाता है। उन्होंने इस प्रथा को खत्म करने के लिए लड़ाई लड़ी और 2021 एचकेआरएन बनाकर ठेकेदारी प्रथा को खत्म किया। इन लोगों का भविष्य सुरक्षित रहे इसके लिए वर्ष 2025 में विधानसभा में बिल पारित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने प्रमाण पत्र पाने वाले लोगों कहा कि "हम लोगों को खड़ा होना सिखाते है झुकना नहीं। उन्होंने कहा आज आपकी जिंदगी का बहुत बड़ा पड़ाव है जोकि आज आपकों रोजगार गांरटी प्रमाण पत्र मिला है। अब आपका भविष्य सुरक्षित हुआ है तथा 58 वर्ष तक अब सेवाएं दे सकेगें। उन्होंने कहा कि छावनी नगर परिषद में काम करने वाले लोग चुनकर आए हैं। उनका नगर परिषद अधिकारियों, कर्मचारियों व सदस्यों से अनुरोध है कि अपने शहर को सुंदर बनाने के लिए कोई कसर न छोड़ी जाए। प्रमाण पत्र पाने वालों में रमेश, नीलम, अजैब सिंह, कुलदीप, सुरेंद्र सिंह, हैप्पी, अनिल कुमार, नवनीत बग्गा, गौरव, अवनीश, अक्षय, सताम, दीपिका, पवन कुमार, जगीर, राजेंद्र, सुनील, दलेर सिंह, सुमित, वंदना कत्याल, रोजी भोला, आशीष गुप्ता, अतुल मेहता, नवजोत सिंह, जगतार, विजय, मलकीत, प्रदीप, रामकरण, बबू सिंह, कुलविंद्र सिंह, नरेश कुमार, कुलदीप, विरेंद्र, रमेश कुमार, जसबीर, रीतू शर्मा, कुनाल शर्मा, गुलाब, रमन शर्मा, अनुराग शर्मा, प्रवीण कुमार, हरदीप, विशाल, बलकार व प्रोमिला शामिल है।

## टांगरी नदी के पास कॉलोनियों में नहीं होगा जलभराव, 5.84 करोड़ की योजना तैयार

- निचली कॉलोनियों में पानी निकासी के लिए टांगरी नदी तक डाली जाएगी पाइपलाइन, मंत्री विज के निर्देश पर नगर परिषद ने बनाई योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

टांगरी किनारे बसी कॉलोनियों को अब नगर परिषद विकसित करने की योजना बना रहा है। इन कॉलोनियों में भविष्य में जलभराव न हो इसके लिए भी नई योजना बन रही है। नगर परिषद की ओर से 5.84 करोड़ रुपये की योजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। योजना का फायदा सोनिया कॉलोनी सहित पूजा विहार और अन्य नजदीकी क्षेत्रों को फायदा होगा। बारिश के कारण यहां जलभराव हो जाता था और इस कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता था। टांगरी नदी के पास पूजा पेट्रोल पंप के पीछे बसे क्षेत्रों में लगभग 20 हजार से अधिक की आबादी रहती है। यहां के रिहायशी क्षेत्रों से टांगरी नदी तक भूमिगत पाइप डालने का कार्य किया जाएगा। यह कार्य तीन चरणों में होगा। पहले चरण में सलारेहड़ी गांव के गुरुद्वारा साहिब से टांगरी नदी तक पाइप डाला जाएगा। इस पर लगभग 2.28 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसी प्रकार दूसरे चरण में छोटा खुड्डा से सलारेहड़ी के एंट्री प्वाइंट नाले तक पाइप डाला जाएगा। इस पर लगभग 1.51 करोड़ रुपये खर्च होंगे। तीसरे चरण में पूजा विहार और सोनिया कॉलोनी से दो पाइप टांगरी नदी तक डाले जाएंगे। इस परियोजना पर 2.04 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सलारेहड़ी, छोटा खुड्डा और पूजा विहार व सोनिया विहार के लोग लगभग पिछले 20 साल से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में यह परियोजना उनके लिए एक बहुत बड़ी सौगात होगी। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय निवासियों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज से गुहार लगाई थी और उन्होंने जनमानस से जुड़ी इस प्रमुख समस्या को देखते हुए नगर परिषद को योजना तैयार करने के निर्देश दिए थे ताकि यहां रहने वाले लोगों की परेशानी का स्थायी समाधान किया जा सके। कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी ने बताया कि टांगरी नदी किनारे बसी कॉलोनियों को जलभराव की परेशानी दूर करने के लिए कैबिनेट मंत्री के निर्देश पर परियोजना तैयार की गई है। इस परियोजना के सिरे चढ़ने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। लगभग 5.84 करोड़ की परियोजना के तहत निचले क्षेत्रों से टांगरी नदी तक पाइप डाले जाएंगे।

## 116 ग्राम गांजा सहित आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना पड़ाव क्षेत्र सर्विस रोड एनएच-44 मोहड़ा के पास से सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी अमरजीत सिंह उर्फ पिल्ला को 116 ग्राम गांजा सहित काबू किया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर नेशनल हाइवे से आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से गांजा जब्त किया गया। पड़ाव थाने में उसके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है।

## लिपिक के निलंबन को लेकर कर्मियों ने 11वें दिन भी की नारेबाजी

- एसडीओ को बचाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बिजली निगम के लिपिक गुरविंदर के निलंबन के विरोध में चल रहा धरना प्रदर्शन 11 वें दिन भी जारी रहा। बराड़ा में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट प्रधान सतबीर देसवाल ने कहा कि वीरवार को निगम अधिकारियों द्वारा बर्फखाने से मीटर उतारने वाले प्रकरण में चार से पांच कर्मचारियों चार्जशीट और शोकाज नोटिस दिया गया है जबकि सारे प्रकरण में दोषी एसडीओ नंबर 2 को शोकाज नोटिस से बचाने की कोशिश की जा रही है। निगम कर्मचारी को बहाल करने की बजाए दूसरे कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है। इसकी यूनियन कड़ी निंदा करती है। इस तरह की कार्यशैली से निगम अधिकारी गतिरोध बढ़ाने का काम कर रहे हैं। यूनियन का धरना प्रदर्शन शांतिपूर्वक और निश्चित समय सीमा में चल रहा है। इसके बाद कर्मचारियों द्वारा अपना सारा काम निपटाया जाता है। अगर इस हफ्ते में गुरविंदर को बहाल नहीं किया जाता तो शुक्रवार को यूनिट स्तरीय मीटिंग करके धरना प्रदर्शन को आगे बढ़ाने संबंधित निर्णय लिया जाएगा। यूनिट सचिव सोनू यादव ने बब्याल में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निगम अधिकारियों द्वारा सारी जवाबदेही निचले कर्मचारियों पर साजिशन थोपी जा रही है लेकिन जब बात संसाधनों की कमी की आती है तो कोई अधिकारी अपनी जवाबदेही नहीं लेता।

## झूठे आंकड़े पेश कर सरकार कर रही है भ्रामक प्रचार

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष ने बढ़ते अपराध पर जताई चिंता, कहा बंदूकों के साये में प्रदेश के कारोबारी, निरंतर होती हत्याओं से कारोबारियों ने शराब कारोबार की तौबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। एडवोकेट रोहित जैन।

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने एक बार फिर राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने तीन दिन पहले राज्य सरकार की ओर से जारी अपराध के आंकड़ों को भी झूठा व भ्रामक करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को अपराध मुक्त प्रदेश बनाने की झूठी तस्वीर पेश करने का प्रयास कर रही ह जबकि जनता को असलीयत मालूम है।

जैन ने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में अपराध पांव पसार रहा है ऐसे में आम जनता का ही जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने कहा कि जनता की रखवाली करने वाली पुलिस खुद जनता की भक्षक बन रही है। जैन ने हिसार में पुलिस हिरासत में जान गंवाने वाले व्यक्ति के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में अगर किसी भी पुलिस कर्मचारी की लापरवाही मिलती है तो उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही पीड़ित परिवार को भी इंसाफ मिलना चाहिए। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट रोहित जैन ने बताया कि तीन दिन पहले ही राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में अपराध की स्थिति पर सफाई दी थी।

सीएम नायब सैनी ने यह दावा किया था कि प्रदेश से अपराध खत्म हो रहा है। राज्य सरकार अपराधियों से निपटने के लिए जीरो टोलरेंस की नीति पर काम कर रही है। जैन ने हरियाणा सरकार पर बढ़ते अपराध से निपटने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि सरकार माफियाओं से त्रस्त है।

उन्होंने कहा कि अब सुर्खियां अपराध से जुड़ी हैं न कि उन उपलब्धियों से जिनके लिए प्रदेश को कभी जाना जाता था। बता दें कि तीन दिन पहले ही राज्य सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के जरिए यह दावा किया गया था कि पिछले सालों की तुलना अपराध दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है। खासकर सरकार की ओर से महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध, ड्रग माफिया व गैंगस्टर नेटवर्क पर नकेल कसने का दावा किया था।

हरियाणा राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए सरकार ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के शासनकाल (2004-2014) के दौरान, अपराध में औसत वार्षिक वृद्धि 18.69% तक पहुंच गई थी। इसके विपरीत, 2014-2024 की अवधि (भाजपा शासन) के दौरान, स्नैचिंग को छोड़कर, अधिकांश अपराध श्रेणियों में नकारात्मक वृद्धि देखी गई है।

जैन ने कहा कि प्रदेश में सरेआम गैंगस्टर कारोबारियों की हत्याएं कर रहे हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर खुद जिम्मेदारी लेते हैं।

## विधानसभा में आवाज उठाने के लिए वर्कर्स ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू, एमडीएमडब्ल्यूएफआई एवं सहयोग सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, ब्लॉक थानेसर की मिड डे मील वर्कर्स ने मांगों व समस्याओं के समाधान हेतु विधानसभा व राज्य सरकार के समक्ष आवाज उठाने के लिए ब्लाक प्रधान सत्या देवी की अध्यक्षता में इकट्ठा होकर थानेसर विधानसभा से कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा को उनके निवास स्थान पर जाकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिला सचिव अनिल कुमार, जिला कौषाध्यक्ष सुनील रत्न ने विधायक को ज्ञापन सौंपते वक्त बताया कि राज्य सरकार मिड डे मील वर्कर्स की समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रही है। वर्कर्स गरीबी और आर्थिक तंगी के हालात झेल रही हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री को बीईओ के जरिए भेजा ज्ञापन, सरकार पर वायदाखिलाफी करने का भी आरोप

# स्कूली शिक्षा के सरकारी ढांचे को कमजोर कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़




नारायणगढ़। मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया खंड इकाई ने उप प्रधान देवानंद की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारी मनजीत कौर को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने से पहले खंड सचिव ऊष्म कश्यप ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार स्कूल प्रबंधन कमेटी मर्जर करने के नाम पर स्कूली शिक्षा के सरकारी ढांचे को कमजोर कर रही है ।

जिला प्रधान सरदार सतनाम सिंह ने कहा शिक्षा नीति 2020 की आड़ में केंद्र व राज्य सरकार लगातार सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे को सिकोड़ रही है। मानी गई मांगों को लागू न करके बार-बार वायदाखिलाफी कर रही है। मई मास में सभी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंध समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया था परंतु जुलाई माह के शुरू में ही इन समितियों के रद्द करने का पत्र जारी हो जाता है जिसमें अटैच प्राथमिक व विद्यालयों की विद्यालय प्रबंधन समितियों को रद्द करके माध्यमिक, उच्च या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के साथ एक ही समिति बनाने के आदेश दे दिए गए। जो एक तो मई मास में बनाई गई समितियों के सदस्यों की प्रतिष्ठा का सवाल खड़ा करता है।

दूसरा प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की समस्याएं व जरूरतें बड़े बच्चों से भिन्न प्रकार की होती हैं इसलिए प्राथमिक विद्यालय को अलग इकाई के रूप में देखना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है एसएमसी की एक यूनिट बनाने के बहाने लगभग 5 हजार सरकारी स्कूलों के मर्जर की व्यूह रचना रची जा रही है। जिला ऑडिटर भूप सिंह ने कहा कि अध्यापकों पर गैर शैक्षणिक कार्यों का बोझ निरंतर बढ़ता जा रहा है।

शिक्षा विभाग में नित नए नए प्रयोग किए जा रहे हैं।अध्यापकों की हजारों पोस्ट खाली पड़ी हैं। गेस्ट अध्यापकों के डीए पर कैप लगा रखी है। एचकेआरएन में लगे अध्यापकों को वेतन और एक्सटेंशन के लिए तरसाया जा रहा है। छात्रों की प्रोत्साहन राशि में न ही बढ़ोत्तरी की जा रही है न ही समय पर जारी की जा रही है।

छुट्टियों में अध्यापकों अनेक प्रकार के कैंप या ट्रेनिंग में ड्यूटी लगा दी जाती है परन्तु प्रतिपूर्ति या अर्जित अवकाश के लिए नियम होते हुए भी पत्र जारी नहीं किया जाता। यदि अध्यापकों की मांगों को द्विपक्षीय वार्ता से हल नहीं किया गए तो मजबूरन आंदोलन को और तेज करना पड़ेगा। ज्ञापन में सह सचिव विनोद मिल्क, प्रदीप कुमार, सरदार हरजिंदर सिंह, प्रवीण कुमार, नरेश भारद्वाज, राम पाल अनुराग ने भाग लिया।